हिन्दी भाषा एवं संस्कृति का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन

हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव

अक्टूबर ९ । अक्टूबर १० । अक्टूबर ११

२०२०

भाषा का आनन्द, संस्कृति का सम्मान

www.HindiManch.org

PROGRAM DETAILS

कार्यक्रम की रूप रेखा

Day 1, Friday October 9th, 2020

6:30pm-7:00pm	Inauguration Ceremony
7:00pm-9:30pm	Sur Sansaar-Chaaron Dishaayen mil kar gaayen. A musical event!
9:30pm-10:30pm	Sur Sansaar-Celebrity Chat with Padmini Kolhapure
10:30pm-11:30pm	Bollywood playback singer Nikhita Gandhi

Day 2, Saturday October 10th, 2020

11:30am-1:30pm	Katha Kahani, Story Telling Time Baal Yuva Vibhag
6:00pm-6:30pm	Naatak Khidkee (Hindi Manch CA)
6:30pm-7:00pm	Naatak Saangaatee (Hindi Manch, CA)
7:00pm-8:00pm	Naatak from Baal Yuva Vibhag
8:00pm-8:20pm	Naatak-Pati Patni aur Quaran tine (Hindi Manch)
8:20pm-8:40pm	Naatak-Bechara Director (Hindi Manch)
8:40pm-9:00pm	Naatak- Puchata Hai Hindus aan(Hindi Manch)
9:00pm-9:30pm	Naatak-Taaj Mahal Ka Swayamvar (Hindi Manch)
9:30pm-10:30pm	Celebrity Chat with Sri Paresh Rawal
10:30pm-11:30pm	Natak-Sonam Gupta Bewafa Hai (Silly Soul's—Delhi, India)

Day 3, Sunday October 11th, 2020

12:00am-3:00pm	Vishwa Kavi Sammelan
4.00	Natak-Birjees Qdar Ka Kunba (Prayog, New Jersey)
6:30pm-	Mahotsav Celebration
7:00pm-	Naatak-Jis Lahore Nahi Dekhya (Prayog Bhopal, India)

हिंदी मंच संस्थापक एवं अध्यक्ष की कलम से

From Founder and President of Hindi Manch

प्रीतेश श्रीवास्तव Preetesh Shrivastava

नमस्कार,

हिन्दी मंच परिवार की तरफ से में आप सभी आदरणीय अतिथिगणों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ| ये बड़े गर्व का विषय है कि आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग से हिंदी मंच संस्था ने अमेरिका में 12 वीं वर्षगांठ को "हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव' के रूप में हिन्दी भाषा और संस्कृति का इतना विशाल महोत्सव आयोजित किया है, जिसके लिए हम सभी आपको कोटि कोटि धन्यवाद देते हैं|

आप में से जो लोग मुझे जानते हैं उन्हें ये पता है कि बुजुर्गों और ऊपर वाले की कृपा से मुझे कभी भी बोलने और लिखने में कोई ख़ास परेशानी नहीं हुई, बल्कि अकसर लोगो का ये कहना है कि न बोलना और न लिखना मेरे लिया ज्यादा मुश्किल है, पर जब मुझे ये आदेश हुआ के हिन्दी मंच के बारह वर्ष पूरे होने पर मुझे कुछ लिखना है तो ना जाने क्यों अजीब सी दिक्कत महसूस हो रही है | शायद पिछले वर्षों की यात्रा को सोचकर बहुत भावुक हूँ, या इस बात की कश्मकश है की उन हजारों बातों को, संस्मरणों को, कुछ शब्दों में कैसे लिखूं|

ऐसी परिस्थितयों में कभी कभी कविता का सहारा ले लेना बेहतर होता है क्योंकि कविता की कल्पना के माध्यम से मुट्ठी में आकाश भरना भी संभव है| तो लीजिये, हिन्दी मंच की इस अविस्मरणीय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव यात्रा के बारे में मेरे मन के भाव इस कविता के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत हैं |

On behalf of the entire Hindi Manch family, I extend my warmest welcome and greetings. Hindi Manch is proud to organize the "Hindi Manch International Mahotsav" a grand three-day event focusing on our language, literature and culture, and this initiative would not have been possible without the blessings and good wishes we have received from you. Our sincerest thanks to you for your support and good wishes.

Those of you who know me know this – I have never found it difficult to communicate with an audience, either through speech or through writing. Rather, you are aware how difficult it is for me to be quiet! Hence imagine my surprise when I was asked to say something on "Hindi Manch International Mahotsav", I realized that I was at a complete loss of words, unable to express the countless moments and myriad experiences from these years.

In situations like these, it is a good idea to use poetry as a form of expression since it helps plant the seeds of thought in others' minds, knowing that it will bloom into the thoughts and feelings that you have. I present to you the following encapsulation of our past ten years' journey in the form of a poem.

एक सपना हमने देखा था, एक सपना मन में देखा था

अपनी भाषा का ज्ञान बढ़े, अपनी ज़ुबान का मान बढ़े
हम कौन, कहाँ से आए हैं, बच्चों में स्वाभिमान बढ़े
अपने अतीत की यादों में, अपने भविष्य को देखा था
एक सपना हमने देखा था, एक सपना मन में देखा था

हम सात समुन्दर पार चले, पीछे छोड़ा परिवार, चले
वो तीज दशहरा भूल गए, हम नए ढूँढने यार चले
एक जोश नया सा छाया था, सूरज पश्चिम का देखा था
एक सपना हमने देखा था, एक सपना मन में देखा था

वो प्रेमचंद की ईदगाह, वो पुष्प की अभिलाषा निश्छल
वो मर्दानी झाँसी वाली, मधुशाला की वो हालाहल
जब भी झाँका अंतर्मन में, तुलसी कबीर का लेखा था
एक सपना हमने देखा था, एक सपना मन में देखा था

फिर हिंदी मंच का हुआ सृजन, प्यासी धरा पे बरसा सावन
मिला आशीष बुज़ुर्गों का, बच्चों में पाया फिर बचपन
इन अजनबियों के बीच कहीं, रूहों में कितना एका था
एक सपना हमने देखा था, एक सपना मन में देखा था

साहित्य की यूँ जम गई जमात , संगीत के सुरों ने बांधा साथ
बच्चों ने भाव विभोर किया, अभिनय कला ने छेड़े जज़्बात
मनोरंजन के इस माध्यम से, जन-जन का संगम देखा था
एक सपना हमने देखा था, एक सपना मन में देखा था

हम साथ चले कई साल हुए, कई साल में ग़ज़ब धमाल हुए
अब साथ सभी को लाना है, ऐसे अतरंगी ख़याल हुए
हो विश्व-मिलन, आह्वान हुआ, सपना सच होते देखा है

संचालन समिति

हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव

An International Festival of Hindi Language & Culture

हिंदी भाषा और कला का अंतरराष्ट्रीय मेला

प्रीतेश श्रीवास्तव

हिन्दी मंच परिवार की तरफ से में आप सभी आदरणीय अतिथिगणों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ| ये बड़े गर्व का विषय है कि आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग से हिंदी मंच संस्था ने अमेरिका में हिन्दी भाषा और संस्कृति का इतना विशाल और पहला वर्चुअल हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय समेलन आयोजित किया है, जिसके लिए हम सभी आपको कोटि कोटि धन्यवाद देते हैं|

कोरोना वायरस ने हमारे मूल्यों और हमारे जीवन जीने के तरीके को बदल दिया है। इस कठिन समय में लोगो की इंसानियत के जज्बे और मानवता की निस्वार्थ सेवा को देखना बहुत सुखद और सुकून देने वाला अहसास है। आपकी प्रतिक्रिया और सुझाव इस पत्रिका को अपने सदस्यों से जोड़ने, गतिविधियों से अवगत कराने और प्रभाबशाली मनोरंजन प्रदान करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है|



अनिश खानझोडे

हिंदी भाषा, संस्कृति और कला मेरे दिल के बहुत करीब है। 12 साल पहले हिंदी मंच के आरम्भ से ही उसका हिस्सा बनना, उसमें शामिल होना मेरे लिए एक सहज निर्णय था। हिंदी मंच ने बच्चों और युवा पीढ़ियों के बीच हिंदी भाषा के स्नेह को बढ़ावा देने के अतिरिक्त समुदाय को एक साथ लाने के लिए वास्तव में उल्लेखनीय काम किया है। यह उत्तरी अमेरिका का पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है, जहां हिंदी मंच के 10 साल के इस जश्न में हम आप के साथ पूरे अमेरिका में समान विचारधारा वाले लोगों को साथ लाने और जोड़ने की उम्मीद करते हैं।

झरना मदान

झरना मदान वरिष्ठ इंटीरियर डिजाइनर और प्रोजेक्ट मैनेजर होने के साथ टीवी एशिया की स्थानीय संवाददाता भी हैं। इनके शब्दों में: "भारत से दूर होने के नाते, हिंदी मंच हमारी भाषा और संस्कृति से जुड़े रहने के लिए मूल-सिद्धांतों की शिक्षा का निरंतर स्रोत रहा है। मैं पिछले सात सालों से हिंदी मंच की स्वयंसेवक हूं और मैंने देखा है कि मेरी भागीदारी ने मेरी बेटी को कैसे प्रभावित किया है और अब वह हमारी भाषा और संस्कृति की एक सक्रिय शिक्षार्थी है। बच्चे हमारा भविष्य हैं, लेकिन हमें उन्हें रास्ता दिखाने की जरूरत है और हिंदी मंच ऐसा करने का एक मंच है। मैं हिंदी मंच के इस अद्भुत प्रयास और संचालन समिति का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं। आप सभी से मेरा विनम्र अनुरोध है कि हमसे जुड़े और भाषा और संस्कृति के आनंद को फैलाने में हमारी सहायता करे। "

अजय जैन

हिंदी मेरी मातृ भाषा है। अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए अपनी भाषा का प्रयोग करना और जुड़े रहना बहुत जरूरी है। मेरे दो बच्चे हैं जो यहां बड़े हुए हैं और यह मेरी इच्छा है की वे अपनी संस्कृति से किसी तरह जुड़े रहें। मेरी राय में हिंदी मंच इस के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है। क्योंकि यह हमारी बारहवी सालगिरह है, मैं संचालन समिति का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और आशा करता हूं कि हम सब मिल कर अपने समाज के लिए एक बेहतरीन कार्यक्रम ले कर आएंगे और इस प्रयास में हमें आप सब का साथ चाहिए। व्यक्तिगत रूप से, मुझे नाटकों का शौक है और अपनी मातृ भाषा में नाटक करने का आनंद कुछ और ही है।

रक्षा सोनी

रक्षा सोनी एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और इन्होने हाल ही में अपना पूरा समय कला को समर्पित करने का निश्चय लिया है। हिंदी मंच वह संगठन है जहाँ न सिर्फ भाषा से, बल्कि संस्कृति और संसकारो से भी मै अपने को जुड़ा हुआ पाती हूँ। इसकी हिंदी प्रेमियों को मिलाने की सफल कोशिश, अगली पीढ़ी को रोचक तरीको से जोडने का प्रशंसनीय प्रयास जहाँ मुझे प्रेरित करता है, वहीँ अपने परिवार के साथ होने का एहसास भी दिलाता है। हिंदी हमारा गर्व है और भारतीय संस्कृति हमारा सम्मान; इसकी शोभा हम मिलकार ही बढा सकते है। आशा है हिन्दी मंच की बारहवी सालगिराह और पहला वर्चुअल हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय समेलन पर आकर हिंदी के गर्व और सम्मान की मशाल को उठाने में आप भी अपने हाथ आगे बढ़ाएंगे। "

स्नेह जयसिंह

स्नेह जयसिंह समुदाय में एक पोषण विशेषज्ञ के रूप में और स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में योगदानों के लिए जानी जाती हैं। व्यक्तिगत रूप से, सुश्री जयसिंह के लिए, हिंदी मंच के साथ जुड़े रहने से वह अपनी जड़ों से जुड़ी रहती है और उसे अपनेपन का एहसास दिलाती है जहाँ वह इस रचनात्मक मंच के माध्यम से समान विचारधारा वाले, भाषा और संस्कृति-प्रेमी लोगों से जुड़ सकती है। वह अपने पति अजय के साथ हिंदी मंच से जुड़ीं और वे कई वर्षों तक संगठन का एक अभिन्न अंग रही हैं। वे महसूस करते हैं कि हिंदी मंच के साथ उनके जुड़ाव का उनके बेटे गौरव पर गहरा प्रभाव पड़ा है, जिन्होंने स्वयं कई वर्षों तक हिंदी मंच के कार्यक्रमों में भाग लिया और अब संगठन में एक सक्रिय युवा नेता है। स्नेह इस साल स्टीयरिंग टीम में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं।

Hindi Manch
हिंदी मंच

हिंदी मंच

हिंदी मंच क्या है?

हिंदी मंच एक लाभ-निरपेक्ष (501सी3) संगठन है, जो अपनी स्थापना के बाद से ही साहित्यिक बैठकों, रंगमंच, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदी और इससे संबंधित भाषाओं, जैसे कि उर्दू, भोजपुरी, अवधी, बृज, खड़ी बोली आदि की विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।

हिंदी मंच उन लोगों को एक साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है जो हिंदी भाषा और संस्कृति बारे में जानते हैं या जानने में रूचि रखते है। इस संगठन का उद्देश्य उन लोगों को साथ लाना है जो सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों और गतिविधियों द्वारा हिंदी को जानना चाहते हैं या जानते हैं और भविष्य की पीढ़ियों में हिंदी भाषा और संस्कृति का प्रचार करना चाहते हैं।

यह संगठन किसी भी जाति, धर्म या क्षेत्र से संबंधित नहीं हैं और सभी धर्म, क्षेत्र और भाषाओं के लोगों का स्वागत करता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे बड़े हिंदी समुदाय में से एक संगठन

सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को साथ लाना

एक लाभ-निरपेक्ष (501सी3) संगठन

धर्म-निरपेक्ष संगठन, जो सभी क्षेत्र और भाषाओं के लोगों का स्वागत करता है

हिंदी मंच ने अब तक क्या हासिल किया है?

o पिछले 10 वर्षों में 80 सफल कार्यक्रम।

o 10000 व्यक्तियों का एक मजबूत समुदाय बनाया।

o 150 कोर कमेटी सदस्य एक साथ काम कर रहे हैं।

o 500+ बच्चे सहित 2500 से अधिक कलाकारों के लिए मंच प्रदान किया गया।

o विभिन्न पुरस्कार और 2017-18 के लिए आई एन ई सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक संगठन पुरस्कार की मान्यता प्राप्त की।

10000 व्यक्तियों का एक मजबूत समुदाय

150 कोर कमेटी सदस्य एक साथ काम कर रहे हैं

पिछले 12 वर्षों में 80 सफल कार्यक्रम

500+ बच्चे सहित 2500 से धिक कलाकारों के लिए मंच प्रदान

पिछले 12 वर्षों में 80 सफल कार्यक्रम

अनेकता में एकता और विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित

हिंदी मंच ही क्यों?

o किसी भी संस्कृति को समझने और सराहना करने के लिए भाषा जरूरी है।
o हमारी भाषा के संपर्क में रहना हमारी सांस्कृतिक विरासत का आनंद लेने के लिए महत्वपूर्ण है।
o हमारी संस्कृति को प्यार और सम्मान करने में सक्षम होने के लिए भविष्य की पीढ़ियों को भाषा का जानना बहुत जरुरी है।

भविष्य की पीढ़ियों द्वारा संस्कृति का सम्मान

भाषा का जानना - सांस्कृतिक विरासत का आनंद

हिंदी मंच के आधार स्तंभ

साहित्य

संगीत

नाट्य

बाल युवा

हिंदी मंच कार्यालय

हिंदी मंच स्थापना समिति

स्वर्गीय श्री मोहन दली

डॉक्टर प्रदीप शुक्ला

शुभा चुंगी

चैतन्य गोडसे

प्रीतेश श्रीवास्तव (अध्यक्ष)



हिंदी मंच कार्यकारिनी समिति

प्रीतेश श्रीवास्तव (अध्यक्ष)

अनिश ख़ानज़ोडे (संचालक)

जावेद वाहिद (संचालक)

चिराग पारिख (कोशाध्यक्ष)

मोनीषा प्रकाश (सदस्यता संयोजक)

हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव

२०२०

सत्यमेव जयते

हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव २०२०

हिंदी मंच ने इस साल अपनी 12 वीं वर्षगांठ को “हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव’ के रूप में चिन्हित किया है। यह कार्यक्रम पूरे विश्व से 100,000 से अधिक परिवारों को आकर्षित करने की उम्मीद रखता है। इस महोत्सव के माध्यम से आपको न सिर्फ अपने पसंदीदा कार्यक्रम सा-रे-गा-मा-पा, साहित्य सम्मेलन, नाटक, कवि सम्मेलन, और बाल युवा मंच देखने का अवसर मिलेगा बल्कि स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों को पूरे विश्व से आये सुविख्यात कलाकारों के सम्मुख और उनके साथ प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलेगा। यह 3-दिवसीय कार्यक्रम आपको बहुत सारे हिंदी और उर्दू-प्रेमियों के साथ जुड़ने और भाषा का आनंद लेने के अवसर प्रदान करेगा।

अपनी स्थापना के बाद से, हिंदी मंच ने ८० सफल हिंदी / उर्दू कार्यक्रमों का निर्माण और प्रबंधन किया है, जिसमे १००० से अधिक कलाकारों को रचनात्मक मंच प्रदान करने के साथ साथ ३०० बच्चो को भी सम्मिलित किया है । अपने सामाजिक, कलात्मक और साहित्यिक हस्ताक्षर कार्यक्रमों के माध्यम से, हिंदी मंच ने बोस्टन समुदाय में नया उत्साह जगाया है और आज ८००० से भी ज्यादा लोग इसका अनुसरण करते है।

भारत भर में अपनी सभी बोलियों के साथ हिन्दी और उर्दू, राज्य की सीमाओं और धार्मिक पृष्ठभूमि को पार कर चुकी है। भारत के बाहर, हिंदी का जश्न मनाना और ज्यादा महत्वपूर्ण और बहुमूल्य है, क्योंकि इसके माध्यम से हम आने वाली पीढ़ी को भारतीय संस्कार एवं संस्कृति की गहराई और समझ देने का प्रयास कर रहे हैं जो अन्यथा अनुवाद में खो जाएंगी। भाषा का उत्सव सिर्फ एक गंभीर साहित्यिक बैठक नहीं होना चाहिए; हिंदी मंच इस उत्सव को शैक्षणिक होने के साथ रोचक बनाने का भी हर संभव प्रयास कर रहा है ।

हिंदी मंच इस बात से बहुत प्रसन्न है कि डॉ. अशोक चक्रधर, श्री परेश रावल, सुश्री पद्मिनी कोल्हापुरे और सुश्री निकिता गांधी हिंदी मंच के अंतर्राष्ट्रीय संमेलन में हमारे साथ शामिल हो रहे हैं और हमें अपनी हिंदी कविता, साहित्य, अभिनय, संवाद और गायन के विशाल ज्ञान से आशीर्वाद दे रहे हैं। कोरोना के युग में हमें न केवल इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए, बल्कि पूरे विश्व से में अपने सभी दोस्तों और परिवार से जुड़ने और इस मनोरंजक कार्यक्रम में हमारे साथ आने के लिए आपके समर्थन की आवश्यकता है।



धन्यवाद

हिंदी मंच अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव सम्मानीय मुख्य अतिथि:

श्री संजय शामराव धोत्रे
केंद्रीय शिक्षा, संचार, इलेक्ट्रॉनिक और आई.टी. मंत्री

संजय शामराव धोत्रे (जन्म 26 फरवरी 1959) भारत के महाराष्ट्र राज्य से राजनीतिज्ञ हैं और वर्तमान में भारत सरकार में राज्य मंत्री और भारत की 17 वीं लोकसभा के सदस्य हैं। वह महाराष्ट्र के अकोला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक दल के सदस्य हैं।

संजय शामराव धोत्रे 1981 में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, अमरावती से B.E (मैकेनिकल) हैं। मई 2019 में, संजय धोत्रे जी शिक्षा, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों के राज्य मंत्री बने।

सादर अभिवादन
हिन्दी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव संचालन समिति

धन्यवाद

हिंदी मंच अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव सम्मानीय अतिथि:

श्री रणधीर जायसवाल
भारत के वाणिज्य दूतावास, न्यूयॉर्क, अमेरिका

रणधीर जी जायसवाल का हिंदी मंच की और से स्वागत है । रणधीर जी जायसवाल 1998 से भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी और कैरियर राजनयिक हैं। उन्होंने 19 जुलाई को न्यूयॉर्क में भारत के कॉन्सुलेट जनरल का पदभार सम्भाला इससे पहले, उन्होंने अगस्त 2017 से भारत के राष्ट्रपति के जॉइंट सेक्रेटरी व सोसियल सेक्रेटरी के रूप में कार्य किया। इस भूमिका में, रणधीर जायसवाल ने राष्ट्रपति भवन के विदेशी मामलों के कार्यालय का नेतृत्व किया और भारत की विदेश नीति पर राष्ट्रपति को सलाह दी। आपने अब तक के दो दशक के राजनयिक करियर में, उन्होंने पुर्तगाल, क्यूबा, दक्षिण अफ्रीका और न्यूयॉर्क में भारत के स्थायी मिशन में काम किया है। उन्होंने विदेश मंत्रालय में नई दिल्ली में सेवा की, पहले उप सचिव के रूप में अमेरिका के साथ भारत के संबंधों की देखरेख करते थे, और फिर संयुक्त सचिव के रूप में पश्चिम यूरोपीय देशों के साथ भारत के संबंधों का प्रबंधन करते थे।

रणधीर जी जायसवाल खेल, पर्यावरण, संस्कृति, स्मारकों, पुराने शहरों और व्यंजनों के बारे में भावुक हैं। वह रणनीतिक, सतत विकास और सार्वजनिक नीति के मुद्दों में गहरी रुचि रखते हैं।

उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय, भारत से इतिहास में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की है। वे अपनी श्रीमती डॉ आभा(पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट) और अपनी दो बेटियों का साथ रहते हैं।

सादर अभिवादन
हिन्दी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव संचालन समिति

हिंदी मंच पत्रिका विभाग अध्यक्ष की कलम से

From Chair of Hindi Manch Magazine Department

प्रणय खरे Pranay Khare

सादर नमस्कार,

आज Covid के युग में, जब इतनी अनिश्चितता और अंधेरा है, जब लोग अपने घर पर अटक गए हैं और उनके हाथ-पैर बंधे हैं, जब हम अपने दोस्तों और परिवार से नहीं मिल पाते हैं, तो इस पल में हिंदी मंच हमें आशा और खुशी की रोशनी की झलक दिखला रहा है। मैं वास्तव में हिंदी मंच अध्यक्ष, स्टीयरिंग समिति के अधिकारियों और विभाग अध्यक्षों, सह-अध्यक्ष और सभी आयोजन समितियों के सदस्यों द्वारा आयोजित "हिंदी मंच अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव" के लिए उनके सभी प्रयासों की सराहना करता हूं।

आपने देखा होगा कि Covid परिस्थितियों में हिंदी मंच ने हिंदी प्रेमी, वयस्कों और बच्चों के लिए कई संगीत, साहित्य और कविता कार्यक्रमों का आयोजन किया है, जहां दुनिया भर में हिंदी-प्रेमी लोगों ने भाग लिया है और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, उनमें से कई ने अपने जीवन में पहली बार भाग लिया।

मैं उत्साहित और प्रसन्न हूं कि हिंदी मंच 9, 10 और 11 अक्टूबर, 2020 को एक, आभासी "हिंदी मंच अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव" का आयोजन कर रहा है। हिंदी मंच इस बात की घोषणा करते हुए बहुत खुश है कि हिंदी भाषा और संस्कृति के कई गणमान्य व्यक्ति जैसे पदम श्री अशोक चकरधर, बॉलीवुड अभिनेता और भारतीय राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता, और प्रसिद्ध थिएटर कलाकार श्री परेश रावल जी, बहुत ही प्रतिभाशाली अभिनेत्री और भारतीय राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता सुश्री पद्मिनी कोल्हापुरे जी, और आज की युवा पीढ़ियों के दिल की धड़कन और बॉलीवुड के पार्श्व गायक सुश्री निकिता गांधी इस आयोजन में भाग ले रहे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं।

आइए दुनिया भर के विभिन्न हिंदी प्रेमी (स्थापित और उभरते हुआ सितारे।), कलाकारों और प्रतिभाओं का स्वागत करने के लिए कृपया हमसे जुड़ें और विशेष रूप से Covid युग में उनकी प्रशंसा करें। हिंदी मंच के "पत्रिका विभाग" की ओर से, मैं आप सभी का स्वागत करता हूं और "हिंदी मंच अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव" के मंच पर इस शानदार लाइनअप को देखने और सुनने के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा हूं।

आपका बहुत बहुत धन्यवाद और स्वागत।

Greetings, In the era of Covid, when there is so much uncertainty and darkness; when people are stuck at their home and their hands and legs shackled; when we can not meet our friends and family; we see a light of hope and happiness through the Hindi Manch organization. I truly appreciate all the efforts from the Hindi Manch president, steering committee officers, Chairs, Co-Chair, and members of all organizing committees for bringing us together in the inception of "Hindi Manch International Mahotsav".

You may have seen that under Covid circumstances Hindi Manch already has organised several musical, sahitya and poetry events for hindi lover's adults and kids, where Hindi-loving people throughout the world have participated and showcased their talent, many of them participating for the first time in their life.

I am excited and pleased that Hindi Manch is organizing a global, virtual "Hindi Manch International Mahotsav" on October 9, 10 and 11, 2020. Hindi Manch is very happy to announce that several dignitaries of Hindi language and culture such as Padam Shri Ashok Chkradhar, Bollywood actor and Indian National Film award winner, and renowned theater artist Shri Paresh Rawal ji, very talented actress and Indian National Film award winner SuSri Padmini Kolhapure ji, and today's young generations's heartbeat catcher and Bollywood playback singer SuSri Nikitha Gandhi are going to be participating in this event.

Please join us to welcome various Hindi loving established and upcoming artists and talent from throughout the world and praise them especially in the Covid era. On behalf of "Patrika Vibhag" of Hindi Manch, I welcome you all and eagerly look forward to seeing and listening to this fabulous lineup on the stage of "Hindi Manch International Mahotsav".

Thank you and Welcome!

Platinum Sponsor **धन्यवाद** प्लेटिनम प्रायोजक

अमेरीका के प्रथम हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन करना हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य का विषय है। इस बड़े सपने को समझने और हासिल करने के लिए आपका सहयोग और समर्थन बहुमूल्य रहा है।हिंदी मंच, भाषा और संस्कृति के संरक्षकों और प्रायोजकों के विश्वास को प्राप्त करने के लिए उनका हृदय से आभारी है, और धन्यवाद करता है।

भाषा और संस्कृति के संरक्षक

हिंदी मंच को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएँ

- वंदना एवम विवेक शर्मा फ़ैमिली फ़ाउन्डेशन

भाषा और संस्कृति के संरक्षक

"Congratulations to the Hindi Manch team and their hard work in organizing this event."

Best Wishes - Saxena Family Foundation

भाषा और संस्कृति के संरक्षक

Best Wishes and Compliments to

Hindi Manch

From

VENKAT SRINIVASAN FAMILY FOUNDATION

भाषा और संस्कृति के संरक्षक

BEST WISHES

FROM

PRITI AND MUKESH CHATTER

हिंदी भाषा, संगीत और
अंतरराष्ट्रीय महोत्सव

हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव

AN INTERNATIONAL FESTIVAL OF HINDI LANGUAGE

संगीत

परिचय

कहते हैं कि संगीत मानवता की एक ऐसी वैश्विक भाषा है जिसकी कोई सीमा नही है। हिन्दी मंच के संगीत विभाग का एकमात्र लक्ष्य संगीत द्वारा दिलों को जोड़ना है । संगीत विभाग द्वारा आयोजित हिन्दी मंच सा रे गा म पा संगीत प्रतियोगिता न्यू इंग्लैंड में बसे दक्षिण एशियाई समुदाय के प्रतिष्ठित और बहुचर्चित सामुदायिक कार्यक्रमों में से एक है। २०१० मे एक कामयाब शुरूआत के बाद से लगातार संगीत विभाग ने प्रतिभा-शाली गायकों को एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने की परम्परा जारी रखी है।पदमश्री कविता कृष्णमूर्ति , पद्मश्री श्री सुरेश वाडेकर, उस्ताद मशकूर अली खान, पंडित सनातन गोस्वामी, श्रीमती आस्था शुक्ला, श्रीमती मीनू पुरुषोत्तम जैसे सम्मानित संगीतज्ञ हिन्दी मंच सा रे गा म पा संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं के निर्णायक रहे हैं ।

कार्यक्रम की रूपरेखा

शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2020

शाम 7:00 बजे: सुर संसार

रात 9:30 बजे: बॉलीवुड अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे के साथ बातचीत।

रात 10:00 बजे: बॉलीवुड पार्श्व गायिका निकिता गांधी द्वारा लाइव प्रदर्शन।

संगीत विभाग आयोजक मंडल

स्नेह जयसिंह

मनीषा जैन

डॉ मीना सुंदरम

नमिता देशपांडे

जावेद वाहिद



हरीश डांग

मौली लाला

मधु माथुर आनंद

राकेश चौहान

पंकज शाह

Hindi Manch AntarRashtriya Mahotsav presents

हिंदी मंच अंतरराष्ट्रीय महोत्सव प्रस्तुत करता है

To Register Please visit www.HindiManch.org

"सुर-संसार"

चारों दिशाएँ, मिलकर गाएँ

Friday, October 9, 2020 at 7:00 PM

"Sur Sansar" A virtual musical event featuring ten amazing singers from 10 different countries!

Aayan Mukherjee *Netherlands*	Gayetri Maharaj Joshi *Singapore*	Namita Deshpande *Ireland*	Rajive Harry Ravi Babooram *Trinidad*	Aaryan Tiwari *Germany*
Vikas Kolar *Australia*	Khalid Baig *Pakistan*	Darshak Vaishnav *Canada*	Vibhuti Kavishwar *USA*	Maithili Shome *South Africa*

पद्मिनी कोल्हापुरे

पद्मिनी कोल्हापुरे जी भारतीय सिनेमा की विख्यात अभिनेत्री और गायिका है। इनके पिता श्री पंधारीनाथ कोल्हापुरी एक जाने माने संगीतज्ञ थे पद्मिनी जी प्रख्यात गायिका लता मंगेशकर और आशा भोसले जी की भतीजी है। इन्होंने अपना फिल्मी सफर एक बाल कलाकार के रूप में शुरू किया और सफलता की सीढ़ियां चढ़ती गईं। १९८० में पद्मिनी जी ने "इंसाफ का तराजू" नामक फ़िल्म में राजबब्बर और दीपक पाराशर के साथ मुख्य किरदार निभाया जहाँ उनकी अभिनय क्षमता को फिल्मी आलोचकों और दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गया। विलक्षण प्रतिभा की धनी पद्मिनी जी ने अपने लंबे फिल्मी सफर में लगभग **80** फ़िल्मों में काम किया जिनमे से ज्यादातर फ़िल्में बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही। इन प्रतिभाशाली अदाकारा को फिल्मों में इनके अद्भुत अभिनय के लिए बहुत से पुरस्कारो के लिए नामांकित किया गया और इनको १९८० में "फ़िल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस" और १९८२ में "फ़िल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस" पुरुष्कार से नवाजा गया।

निकिता गांधीं

अक्टूबर १, १९९१ में जन्मी निकिता गांधीं एक मशहूर गायिका, । संगीतकार और एक दंत चिकित्सक हैं। निकिता जी ने इंडियन फ़िल्म सिनेमा में पांच भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, और कन्नड़ में काम किया है। इन्होंने राबता फ़िल्म में दीपिका पादुकोण के लिए टाइटल ट्रैक गाया है। इनका गाना "उल्लू का पट्ठा" जो इन्होंने अरिजीत सिंह के साथ "जग्गा जासूस" फ़िल्म में गाया, बहुत हिट रहा। इन्होंने "सचिन:ए बिलियन ड्रीम्स", "शेफ", "जब हैरी मेट सेजल" एवं "इत्तेफ़ाक" आदि फिल्मों के लिए गाने गाए हैं। इन्होंने "कॉकपिट" फ़िल्म में आतिफ असलम के साथ बंगाली गाना "मिठे आलो" भी गाया है। इन के गाने "आओ कभी हवेली पर" और "पोस्टर लगवा दो" बहुत प्रसिद्ध है। इनका अपना "नूर" नामक म्यूजिक बैंड है जिसके अंतर्गत ये संगीत समारोह और कान्सर्ट्स में प्रस्तुति देती है।

COVID-19 के युग में हिंदी मंच के संगीत कार्यक्रम

संगीत, नाटक और कविता जैसी विभिन्न कलाओं के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करने के अलावा, हिंदी मंच मानव भावनात्मक आदान-प्रदान, प्रेम और सांप्रदायिक सामंजस्य का स्थान भी बन गया है।सामाजिक अलगाव के इस कठिन समय के दौरान, हमारे समुदाय के लिए खुश, जुड़ा और मजबूत रहना भी महत्वपूर्ण है। इस अंत की ओर हिंदी मंच ने लोगों को एक साथ लाने के लिए अनोखे ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए हैं। दूरदर्शी विचारों और आभासी घटनाओं जैसे "ख्वाबों में मुल्कात, सुरों के साथ, और" एक नागर, एक गायक "के साथ, संगीत विभाग देश भर के लोगों को ऐसे अंधेरे और अनिश्चित समय में एक साथ लाया। संगीत की विभिन्न विधाओं में प्रवीण अमरीका के हर कोने से बेहद निपुण और मधुर गायकों को प्रस्तुत करके, यह अब तक फिर से साबित हो गया है कि संगीत न केवल दिलों को जोड़ता है, बल्कि टूटे हुए हिस्सों की मरम्मत भी करता है। विभिन्न लोग समुदाय उत्थान के माध्यम से आशा और सकारात्मकता की नए सिरे से भावना के आधार पर, मधुर संगीत की एक शाम का आनंद लेने के लिए एकत्रित हुए। लगभग तीस हजार लोग इन आभासी घटनाओं (virtual events) से फेसबुक लाइव, वॉच पार्टी और YouTube लाइव / वीडियो के माध्यम से जुड़े थे।

पिछले कार्यक्रम की झलकियाँ

Diamond Sponsor

डायमंड प्रायोजक

YOUR FINANCIAL JOURNEY. OUR EXPERTISE.

Leaving a legacy for your family can be challenging and sometimes overwhelming. It involves more than simply managing wealth, it involves life planning. At Boston Wealth Strategies, we truly understand these challenges. We've taken the steps to assemble a knowledgeable and caring team of professionals that can provide a succession plan to protect and help our clients for generations to come. Our approach is not only shaped by our expertise, but by our experiences and our first-hand knowledge that life-long goals matter. Our approach is based on our story.

bws@bostonwealth.com

Main Location

250 First Ave Ste 102
Needham, MA 02494

Phone: 781-449-7000
Fax: 617-507-6025

BostonWealth
STRATEGIES

Your Financial Journey. Our Expertise.

Diamond Sponsor

डायमंड प्रायोजक

Scan with your smartphone camera to watch our Company video

Best Wishes & Congratulations to Team Hindi Manch for Antarashtriya Mahotsav 2020

- Manny Arora, President IM Wireless

Mention this Ad &
Get $20 off Any Phone & 20% off any Accessory

verizon Authorized Retailer

270 Amherst St.
Nashua NH 03063
Phone: 603-897-9330

IMWireless

www.IMwireless.net

Gold Sponsor

स्वर्ण प्रायोजक

साहित्य

परिचय

साहित्य विभाग, न्यू - इंग्लैंड क्षेत्र में रहने वाले हिंदी उर्दू साहित्य प्रेमियों और दुनिया भर में फैले हिंदी उर्दू साहित्य के ख़ज़ाने के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करता है । साहित्य विभाग का मुख्य उद्देश्य, हिंदी - उर्दू और अवधी, बृज, खड़ीबोली, बुंदेलखंडी, भोजपुरी जैसी सामानांतर बोलियों से सम्बंधित साहित्यिक गतिविधियों जैसे साहित्य सम्मलेन, गोष्ठी, मुशायरा आदि का संचालन करना है और इन्हें यहां बसे हिंदी भाषी समुदाय के और करीब लाना है ।

कार्यक्रम की रूपरेखा

हिंदी मंच अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव: विश्व कवि संगम।हिंदी महोत्सव का साहित्य विभाग इस साल विश्व कवि संगम प्रस्तुत करता है। इस कार्यक्रम में हम विभिन्न देशों के हिंदी / उर्दू कवियों को प्रस्तुत करेंगे। ये अत्यधिक निपुण कवि अपने विचारों, अनुभवों, भावनाओं को अपने अनूठे तरीकों से साझा करेंगे। यह इस बात को भी प्रतिबिंबित करेगा कि हमारी भाषा ने पूरी दुनिया की यात्रा कैसे की है और इसने वहां कैसा आकार लिया है। इस साल हमारे पास भारत, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, जापान, कनाडा और अन्य देशों के प्रतिभागी हैं।

साहित्य विभाग आयोजक मंडल

जयश्री सहाने
अध्यक्ष

अली रिज़वी
सह अध्यक्ष

जया पांडे
सह अध्यक्ष

संजय जैन
सदस्य



अजय जैन
संचालन समिति

पद्मश्री अशोक चक्रधर

हिंदी मंच इस बात से बहुत प्रसन्न है कि डॉ अशोक चक्रधर हिंदी मंच के अंतर्राष्ट्रीय संमेलन में हमारे साथ शामिल हो रहे हैं और हमें अपनी हिंदी कविता और साहित्य के विशाल ज्ञान से आशीर्वाद दे रहे हैं।

डॉ॰ अशोक चक्रधर जी हिंदी के एक विद्वान, साहित्यकार, लोकप्रिय कवि एवं लेखक है, हास्य-व्यंग्य के क्षेत्र में उनकी एक अलग ही पहचान है। डॉ॰ अशोक चक्रधर जी को हिंदी साहित्य में उनके योगदान और पटकथा लेखन के लिए 2014 में भारत सरकार के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।डॉ॰ अशोक चक्रधर का जन्म ८ फ़रवरी सन् १९५१ को खुर्जा, उत्तर प्रदेश में हुआ था। डॉ चक्रधर के पिता एक अध्यापक, कवि, बाल साहित्यकार और संपादक थे, पिता के साहित्यिक मार्गदर्शन और उनके कवि-मित्रों की गोष्ठियों के माध्यम से अशोक को कविता लेखन की अनौपचारिक शिक्षा मिली। डॉ॰ चक्रधर ने एम.ए. और पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है और वो जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे हैं।

डॉ॰ चक्रधर, न केवल एक कवि के रूप में, बल्कि एक निबंधकार, साहित्यकार, आलोचक, टेलीफ़िल्म लेखक-निर्देशक, वृत्तचित्र लेखक निर्देशक, धारावाहिक लेखक, निर्देशक, अभिनेता, नाटककर्मी, कलाकार तथा मीडिया कर्मी के रूप में जाना जाता है। डॉ॰ अशोक चक्रधर जी को रेडियो और टेलीविज़न के साथ सक्रिय रूप से कई शैलियों के नाटक, हास्य, व्यंग्य, कविताएँ और पटकथा लेखक के रूप में जुड़े हुए है। उन्होंने विभिन्न कविताओं, नाटकों और व्यंग्यों की पटकथा लिखी है और टीवी सोप ओपेरा में अभिनय किया है। बच्चों के साहित्य में उनका काम सराहनीय है, वे जननाट्य मंच के संस्थापक सदस्य भी हैं। इनका नाटक बंदरिया चली ससुराल नाटक का नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा मंचन हो चुका है।

2007 में वह दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी समन्वयक के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ लॉन्ग लर्निंग (ILLL) में शामिल हुए। उन्होंने हिंदी अकादमी, दिल्ली सरकार के उपाध्यक्ष और केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के उपाध्यक्ष के रूप में और एबीसी फिल्मों के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया है।

डॉ॰ अशोक चक्रधर जी ने कई राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, जिनमें प्रतिष्ठित कैलास गौतम कविकुंभ सम्मान -2014 शामिल हैं। उन्होंने कई दशकों तक हिंदी कवि सम्मेलन में प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी कविता में समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व किया है। वह दुनिया भर के कई विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से जुड़े रहे हैं, कई सरकारी और निजी संस्थानों के सलाहकार रहे हैं और वे साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक उद्देश्यों के लिए विश्व भ्रमण करते रहे हैं।

कविता संग्रह- बूढ़े बच्चे, सो तो है, भोले भाले, तमाशा, चुटपुटकुले, हंसो और मर जाओ, देश धन्या पंच कन्या, ए जी सुनिए, इसलिये बौड़म जी इसलिये, खिड़कियाँ, बोल-गप्पे, जाने क्या टपके, चुनी चुनाई, सोची समझी, जो करे सो जोकर, मसलाराम। **महत्त्वपूर्ण दूरदर्शन कार्यक्रम**- नई सुबह की ओर, रेनबो फैण्टेसी, कृति में चमत्कृत, हिन्दी धागा प्रेम का, अपना उत्सव, भारत महोत्सव। **फिल्म निर्माण**- जीत गई छन्नो, मास्टर दीपचंद (प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, भारत सरकार), झूमे बाला झूमे बाली (दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र), गुलाबड़ी (दिल्ली महानिदेशालय), हाय मुसद्दी, तीन नजारे (ई टी एंड टी, भारत सरकार) बिटिया (एन एफ डी सी, भारत सरकार) **वृत्तचित्र / लेखन-निर्देशन**- विकास की लकीरे (सैण्डिट, नई दिल्ली), पंगु गिरि लंघै, गोरा हट जा (फ़िल्म्स डिवीज़न, भारत सरकार), हर बच्चा हो कक्षा पाँच (दूरदर्शन निदेशालय, भारत सरकार), इस ओर है छतेरा (जामिया मिलिया इस्लामिया)। **धारावाहिक लेखन / प्रस्तुति** कहकहे, पर्दा उठता है (दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र), वंश (आर.के. फ़िल्म्स, मुम्बई), अलबेला सुरमेला, फुलझड़ी ऐक्सप्रैस (सी. पी. सी. दूरदर्शन केन्द्र, नई दिल्ली), बात इसलिये बताई (एन. डी. टी. वी), पोल टॉप टैन, न्यूजी काउंट डाउन (ज़ी इंडिया), चुनाव चालीसा (सहारा समय), वाह वाह (सब टीवी), चुनाव चकल्लस, बजय व्यंग्य (सहारा राष्ट्रीय), चले आओ चक्रधर चमन में (दूरदर्शन)। **वृत्तचित्र लेखन**- बहू भी बेटी होती है (फ़िल्म्स डिवीज़न, भारत सरकार), जंगल की लय ताल, साड़ियों में लिपटी सदियाँ, साथ-साथ चलें, ये है चारा, ग्रामोदय, ज्ञान का उजाला, वत्सी नाव, रयूमेटिक हृदय होग, घैंघा पाडुराना, एड्रमौंटी टापू, छोटा नागपुर जल और थल, लोकोत्सव, नगर विकास (सैण्डिट, नई दिल्ली)।

विश्व कवि सम्मेलन 2020

प्रोफेसर सो यामाने
जापान

प्रोफेसर सो यमाना, एक जापानी कवि-विद्वान है और उन्हें उर्दू साहित्य और कविता के लिए अत्यंत प्रेम है। 18 साल की उम्र में उन्होंने हिंदुस्तानी पढ़ना शुरू किया। उन्होंने भारतीय लेखकों के लेखन के बारे में पढ़ा। प्रो यामने ने ओसाका विश्वविद्यालय, क्योटो विश्वविद्यालय और ओरिएंटल कॉलेज, पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक और स्नातकोत्तर अध्ययन किया। उन्होंने टोक्यो विश्वविद्यालय में पढ़ाया है और वर्तमान में ओसाका विश्वविद्यालय में विदेशी अध्ययन विभाग में प्रोफेसर के रूप में सेवारत हैं। उनके शोध का विषय-उर्दू, उर्दू व्याकरण और उर्दू इतिहास का अध्ययन था।"जापानी में उर्दू ज़बान की तालीम की मुख़्तार तारीख", जापानी में उर्दू अफसाने का मुतालता " उनके शोध कार्यों में शामिल हैंउन्होंने रोमांटिक, दार्शनिक और राजनीतिक उर्दू कविता पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्कृष्ट कविता लिखी है। वह विनम्रता भरे हुए हैं और खुद को "कविता का छात्र" मानते हैं। वह हमेशा संयमित उर्दू बोलने पर जोर देते हैं और हर साल लगभग 20 छात्रों को उर्दू भाषा सिखाते हैं।

आमिर अमीर
यूनाइटेड किंगडम

आमिर आमिर की रचनाएँ विश्व भर में अपनी मौलिकता और नएपन के लिए लोकप्रिय हैं। इनकी रचनाओं में विभिन्न रसों जैसे प्रेम, ईर्ष्या, दुख, सुख, पीड़ा, व्यंग्य कटाक्ष परिहास आदि रसों का संगम होता है इनकी रचनाएँ विशेष रूप से युवा वर्ग बहुत प्रिय हैं विभिन्न मुशायरों में आमिर आमिर की उपस्थिति मात्र ही ऊर्जा भरने के लिए पर्याप्त होती है।इंग्लैंड में अपने व्यस्त जीवन सी थोड़ा समय निकालकर अपनी भावनाओं को अपनी रचनाओं में ढाल लेते हैं उन्होंने यूरोप, मध्य पूर्व, अमेरिका समेत अनेक देशों में मुशायरों की शोभा बढ़ाई है।

राजेश अरोड़ा शलभ
भारत

